01

035973

Gen. Hin.

# B.A. (Part - I) EXAMINATION - 2023

## (Faculty of Arts)

## [Also Common with Subsidiary Paper of B. A. (Hons.) Part - I]

## (Three Year Scheme of 10+2+3 Pattern)

## GENERAL HINDI

## (सामान्य हिन्दी)

**Time Allowed: Three Hours**

**Maximum Marks: 100**

प्रश्नों के उत्तर लिखने से पूर्व प्रश्न–पत्र पर रोल नम्बर अवश्य लिखें। सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिये। प्रत्येक प्रश्न हेतु निर्धारित अंक उसके सामने अंकित हैं।

किसी भी परीक्षार्थी को पूरक उत्तर–पुस्तिका नहीं दी जाएगी। अतः परीक्षार्थियों को चाहिए कि वे मुख्य उत्तर–पुस्तिका में ही समस्त प्रश्नों के उत्तर सही ढंग से लिखें।

निम्नलिखित गद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए–

(क) सफलता और चरितार्थता में अन्तर है। मनुष्य मरणास्त्रों के संचय से, बाह्य उपकरणों के बाहुल्य से उस वस्तु को पा भी सकता है जिसे उसने बड़े आडम्बर के साथ सफलता नाम दे रखा है। परन्तु मनुष्य की चरितार्थता प्रेम में है, मैत्री में है, त्याग में है, अपने को सबके मंगल के लिए निःशेष भाव से दे देने में है। नाखून का बढ़ना मनुष्य की उस अन्ध – सहजात वृत्ति का परिणाम है, जो उसके जीवन में सफलता ले आना चाहती है, उसको काट देना उस 'स्व' निर्धारित आत्म बन्धन का फल है जो उसे चरितार्थता की ओर ले जाता है।

**अथवा**

तुम फोटो का महत्व नहीं समझते। समझते होते, तो किसी से फोटो खिंचाने के लिए जूते माँग लेते। लोग तो माँगे के कोट से वर दिखाई करते हैं और माँगे की मोटर से बारात निकालते हैं। फोटो खिंचवाने के लिए बीबी तक माँग ली जाती हैं, तुम से जूते ही माँगते नहीं बने! तुम फोटो का महत्व नहीं जानते। लोग तो इत्र चुपड़कर फोटो खिंचाते हैं जिससे फोटो में खूशबू आ जाए। गन्दे से गन्दे आदमी की फोटो भी खूशबू देती है!

5

(ख) "वार्ड में दाखिल होते ही नए रोगियों की चीख–पुकार तेज हो जाती है, रोना–धोना बढ़ जाता है। नए वातावरण की प्रतिक्रिया बहुत तेजी से होती है। बुखार तेज हो जाता है, दिल की धड़कन बढ़ जाती है और आँखों की रोशनी कुछ ऐसी हो जाती है कि हर आदमी की सूरत भयावनी मालूम पड़ती है।"





P.T.O.

downloaded from StudentSuvidha.com

Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

**अथवा**

कुछ आलोचकों का कहना है कि मानववादी जिस सांस्कृतिक क्रान्ति का स्वप्न देखते हैं, उसे साकार होने में बहुत समय लगेगा। इस आलोचना का अभिप्राय यह है कि लक्ष्य पाने के लिए कोई छोटा रास्ता अपनाना ठीक होगा। उक्त आलोचना ठीक है, लेकिन जो अभिप्राय निकाला गया है, वह ठीक नहीं है। सांस्कृतिक क्रान्ति को सम्पन्न करने में काफी समय लग सकता है, लेकिन यह सोचना गलत है कि सच्चे व्यापक लोकतन्त्र के इस लक्ष्य के लिए कोई छोटा मार्ग भी है।

2. निम्नलिखित पद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए। 5

(क) बिरहनि ऊभी पंथ सिरि, पंथी बूझै धाइ।
एक सबद कहि पीव का, कब रे मिलैंगे आइ।।
सब रँग तंतर बाल तन, बिरह बजावै निज।
और न कोई सुणि सकै, कै साईं के चित्त।।

**अथवा**

रहिमन खोजे ऊख में, जहाँ रसन की खानि।
जहाँ गाँठ तहँ रस नहीं, यही प्रीति में हानि।।
रहिमन धागा प्रेम का, मत तोड़ो छिटकाय।
टूटे से फिरि ना मिले, मिले गाँठ परि जाय।।

(ख) वह तोड़ती पत्थरः 5
देखा उसे मैंने इलाहाबाद के पथ पर–
वह तोड़ती पत्थर।
नहीं छायादार
पेड़ वह जिसके तले बैठी हुई स्वीकार;
श्याम तन, भर बँधा यौवन,
नत नयन, प्रिय–कर्म–रत मन,
गुरु हथौडा हाथ,
करती बार–बार प्रहारः
सामने तरु–मालिका अट्टालिका, प्राकार।

**अथवा**

कालिदास सच–सच बतलाना
इन्दुमती के मृत्यु शोक से
अज रोया या तुम रोये थे?
कालिदास सच – सच बतलाना।
शिवजी की तीसरी आँख से
निकली हुई महाज्वाला में
घृत मिश्रित सूखी समिधा सम
कामदेव जब भस्म हो गया
तुमने ही तो दृग धोए थे।
कालिदास सच – सच बतलाना।
रति रोई या तुम रोये थे।

downloaded from StudentSuvidha.com

Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

3. (क) 'हार की जीत' कहानी के नायक 'बाबा भारती' के चरित्र की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

**अथवा**

'आज भी खरे हैं तालाब' निबंध का सार लिखिए तथा उद्देश्य समझाइये। 7½

(ख) "प्रेमचन्द के फटे जूते" निबन्ध व्यंग्य विधा का श्रेष्ठ उदाहरण है।" स्पष्ट कीजिए।

**अथवा**

महादेवी वर्मा के 'गौरा' रेखाचित्र के आधार पर 'गौरा' रेखाचित्र में व्यक्त मूल संवेदना को स्पष्ट कीजिए। 7½

4. (क) कबीर की भक्ति की प्रमुख विशेषताओं को स्पष्ट कीजिए।

**अथवा**

तुलसी की समन्वयवादी भावना पर लेख लिखिए। 7½

(ख) मैथिलीशरण गुप्त के काव्य की मूल संवेदना पर प्रकाश डालिए।

**अथवा**

निराला की 'भिक्षुक' कविता के मूलभाव को स्पष्ट कीजिए। 7½

5. (क) निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 300 शब्दों में निबंध लिखिए–

(i) राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका

(ii) कम्प्यूटर शिक्षा : युग की आवश्यकता

(iii) राजस्थान की सांस्कृतिक धरोहर

(iv) बेरोजगारी की समस्या

(v) निष्पक्ष पत्रकारिता 8

(ख) निम्नलिखित में से किसी एक पंक्ति के अर्थ का पल्लवन कीजिए–

(i) तेते पाँव पसारिए जेती लाम्बी सौर।

(ii) जब सारा संसार सोता है तो योगी जागता है। 5

(ग) निम्नलिखित अवतरण का एक तिहाई शब्दों में संक्षेपण कीजिए–

(i) फल कर्म की संपूर्ण प्रक्रिया की अंतिम कड़ी है। बीज के बोने, अंकुरित होने, निराई–गुड़ाई करने, सींचने, पल्लवित होने, पुष्पित होने के उपरांत अर्थात् पौधे के विकास के समस्त चरणों के बाद, अंतिम चरण के रूप में फल प्राप्त होता है। जो लोग पौधे के विकास की इस प्रक्रिया में फल को पहले ही ढूँढ़ना चाहेंगे तो वे फल प्राप्त करने में असफल तो होंगे ही वे पौधे के विकास की सहज प्रक्रिया में बाधा पहुँचाकर आगे प्राप्त होने वाले फल की संभावनाओं को भी नष्ट कर देंगे।

**अथवा**

सब लोग एक – दूसरे के सर्वांगीण विकास में सहभागी बनें, यह सोच ही सांस्कृतिक चेतना है। पशु सदैव स्वहित पर ही अपना ध्यान लगाते हैं स्वार्थ से ऊपर नहीं उठ पाते। स्वार्थ से उठकर परहित के बारे में सोचना संस्कृति है। भारत विविधताओं का देश है जिसमें अनेक जातियों और सम्प्रदायों के लोग निवास करते हैं तथा उनकी अलग–अलग वृतियाँ और व्यवहार हैं। इन विरोधों के बाद भी मानव एकता को तलाशना तथा विविध वर्णों में मानवता के सतरंगी रूप देखना ही वास्तविक सांस्कृतिक बोध को प्राप्त करना है। 4



Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

(घ) (i) नगर निगम, जयपुर के प्रशासक को एक पत्र लिखिए जिसमें सफाई व्यवस्था किये जाने की शिकायत की गई हो।

**अथवा**

श्री मनोहर लाल, निदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के द्वारा श्री अर्जुन कपूर, जिला कलेक्टर उदयपुर को चिकित्सकों का दल एवं आवश्यक उपकरण भेजने के संबंध में अर्द्धशासकीय पत्र लिखिए। 4

(ii) राजस्थान के राजपत्र में प्रकाशित कराने के लिए एक अधिसूचना तैयार कीजिए जिसमें राज्यपाल महोदय द्वारा सरकारी कार्यालयों में देवनागरी लिपि हिन्दी में पत्र व्यवहार करने का आदेश दिया गया हो।

**अथवा**

राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर से अनुभाग अधिकारी राहुल शर्मा की सेवानिवृत्ति का कार्यालय आदेश तैयार कीजिए। 4

(ङ) निम्नलिखित उपसर्गों से दो–दो शब्द बनाइये– 2

(i) परि (ii) सु

(च) निम्नलिखित में से किन्हीं दो शब्दों का समास विग्रह कीजिए–

(i) यथाक्रम (ii) शरणागत

(iii) नीलकण्ठ (iv) पढ़ा–लिखा 3

(छ) निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध रूप में लिखिए–

(i) मेरे घर में केवल मात्र एक चारपाई है।

(ii) मैंने एक कविता अनुवाद की है।

(iii) मैंने तेरे को कितना समझाया। 3

(ज) निम्नलिखित में से किन्हीं दो मुहावरों का अर्थ बताते हुए वाक्य में प्रयोग कीजिए– 5

(i) आँखें दिखाना

(ii) गले पड़ना

(iii) लोहा मानना

(iv) हाथ पसारना

(झ) निम्नलिखित में से किन्हीं पाँच के हिन्दी पारिभाषिक शब्द लिखिए–

(i) PACT (ii) PETITION

(iii) TRUST (iv) RELIEVE

(v) GRANT 5

(ञ) किन्हीं दो शब्दों को शुद्ध कीजिए– 2

(i) शताब्दि (ii) संसारिक

(iii) भर्तसना (iv) दम्पति

(ट) संधि की परिभाषा देते हुए उसके भेदों को समझाइये।

**अथवा**

सर्वनाम की परिभाषा देते हुए उसके भेदों का उल्लेख कीजिए। 5



downloaded from StudentSuvidha.com

Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com